ई-मेल / स्पीड पोस्ट

पत्रांक :-3प / मु०म०नि०यो०-19-57 / 2019 / 5190 / पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

डॉ० रणजीत कुमार सिंह, (मा०प्र०से०)
निदेशक।

सेवा में,

सचिव,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 7/9/2021

विषय :- केन्द्रीयकृत CGRC व्यवस्था के तहत पोर्टल पर प्राप्त आपत्ति आवेदनों के निष्पादन एवं अपलोड करने में आ रही समस्याओं के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के लिए आपत्ति से संबंधित CGRC व्यवस्था के तहत क्रियान्वयन की समीक्षात्मक बैठक दिनांक-30.07.2021 को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के स्तर पर सम्पन्न की गयी थी। उक्त बैठक में CGRC व्यवस्था के तहत पोर्टल पर आ रही विभिन्न समस्याओं की ओर भवदीय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निदान हेतु अनुरोध किया गया था। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

(i) CGRC पोर्टल बहुत धीरे-धीरे चलता है, जिसके कारण आपत्ति निराकरण में विलम्ब होता है।

(ii) CGRC पोर्टल पर प्राप्त आपत्ति आवेदनों से संबंधित सूचना मैसेज द्वारा तकनीकी सहायकों को नहीं प्राप्त होने के कारण समस्याओं के ससमय निराकरण में कठिनाई होती है।

(iii) CGRC पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की सूचना जिला पंचायत राज पदाधिकारी को उपलब्ध नहीं कराया जाता है, जिसके कारण प्राप्त आपत्ति आवेदनों के निष्पादन हेतु समुचित निदेश दिया जाना कठिन होता है।

उक्त समस्याओं से अवगत होकर भवदीय के द्वारा तकनीकी टीम को तत्संबंधी निराकरण हेतु अपेक्षित निदेश दिया गया था, परन्तु जिसका निराकरण अबतक नहीं किया जा सका है।

अनुरोध है कि CGRC पोर्टल पर प्राप्त आपत्ति आवेदनों के निष्पादन में आ रही समस्याओं के निदान हेतु अपने स्तर से युक्तिसंगत निदेश सभी संबंधितो को देने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

7/9/21

(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांक:-3प / मु०म०नि०यो०-19-57 / 2019 / 5190 / पं०रा० पटना, दिनांक 7/9/2021

**प्रतिलिपि:**-सभी जिला पदाधिकारी / जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/9/21

(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

E:\Sashi (Sec-05)\2019 sashi (P.K.V)\Anil Sir\Letter.docx 173